





## एक नजर में

### आपत्तिजनक पोस्ट शेयर पर एफआईआर दर्ज




**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में थाना कोतवाली थाना पुलिस ने पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफधार्मिक भावनाएं आहत करने का केस दर्ज किया है। गुरुवार दोपहर को भाजपा नेता ने शिकायत दर्ज कराई थी। गुरुवार रात 10 बजे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित वारूड़े ने शिकायत में बताया कि खानका वार्ड निवासी 40 वर्षीय सैयद ईसाक पिता सैयद आशिक अली ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट की है। शिकायतकर्ता के अनुसार यह आरोपी की पहली पोस्ट नहीं है। इससे पहले भी वह इस तरह की पोस्ट कर चुका हैए जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफभारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 223 के तहत केस दर्ज किया है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकारपुरा निवासी शिकायतकर्ता व पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

### स्वामी परमानंदजी का 55 वां निर्वाण दिवस



**बुरहानपुर।** 3 अगस्त रविवार सिंधी बस्ती स्थित परमानंद भंगर आश्रम में प्रात: 7.30 बजे शंकर भगवान गवान की की आरती तथा 8.00 बड़े सदगुरुदेव जनो की आरती होगी। तत्पश्चात कहानी कामिल पाठ की समाप्ती होगी। 11.00 बजे से हवन, यज्ञ, दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक भंडारा धर्मशाला में होगा। उक्त जानकारी आश्रम अध्यक्ष कन्हैयालाल सुखवानी एवं कृष्ण कुमार सुखवानी द्वारा दी गई।

### ज्ञानेश्वरी का सम्मान : आने वाले प्रत्येक बालिका का मार्ग प्रशस्त करेगा : ठाकुर



**बुरहानपुर।** होनहार बालिका सुश्री ज्ञानेश्वरी ठाकुर का सम्मान आने वाली प्रत्येक बालिका के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। एक सम्मान सभी लोगों के लिए प्रोत्साहन का कार्य करता है। यह ऐसा टॉनिक है जो भावी जीवन को नई ऊर्जा से भर देता है। ष् उक्त उदगार पूर्व वायु सेना अधिकारी श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्र लेखक कैलाश जयवंत ने कहा कि ज्ञानेश्वरी ने बहुत कम आयु में बहुत बड़ी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करके बता दिया है कि बगैर किसी ठोस बैकग्राउंड के भी हम अपनी मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। यह अवसर था युवा बालिका सुश्री ज्ञानेश्वरी ठाकुर के अभिनन्दन समारोह का। कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक संस्थ आह्वान द्वारा सुश्री ज्ञानेश्वरी ठाकुर के बीए एलएलबी एवं महिला अधिकार मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी तथा मोदी विचार मंच के जिला कार्यकारिणी में गौरव पूर्ण उपलब्धि पर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं वरन समस्त बालिकाओं का सम्मान है। कार्यक्रम का संचालन श्याम ठाकुर द्वारा आभार श्रीमती सुलेखा ठाकुर ने माना। कार्यक्रम में शिक्षक पद से सेवानिवृत होने पर सतीश इंगले सर का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया, इस अवसर पर प्रियांशु ठाकुर, दिलीप जेठवानी, कोमल शेलके, शंकर सिंह ठाकुर, नरगिस बानो, खुशी महाजन, साहित् अनेक विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।


### बुरहानपुर टेंट हाउस ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने 3 वर्ष के लिए किया पदभार ग्रहण




**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले के बुरहानपुर टेंट हाउस ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। इस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद चौधरी ने 3 वर्ष के लिए पदभार ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुरहानपुर जिले के वरिष्ठ समाज सेवी महेंद्र जैन एवं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रिय कवी रमेश शर्मा धुँआधार ने की। इस अवसर पर मंच पर टेंट हाउस के वरिष्ठ साथी दिलीप कुचेकर, लालुभाई के साथ साथ वरिष्ठ समाज सेवी व् कार्यक्रम संचालक सुनील सलूजा भी मंच पर उपस्थित थे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी महेंद्र जैन ने अपने उदबोधन में कहा की व्यवसाय कोई भी हो पारदर्शिता व एकता ही व्यवसाय को बल प्रदान करती है। मुझे ख़ुशी इस बात की हो रही है की इस व्यवसाय में हर सम्प्रदाय का व्यक्ति जुड़ा हुआ है जो की समाज में अनेकता में एकता का सन्देश देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने संबोधन में डॉ रमेश शर्मा धुँआधार ने कहा की जब तक आप सभी लोग एक मत से किसी भी कार्य के लिए राजी नही होंगे तो उस जगह पर सफलता का कोई स्थान नही है स सफलता पाने के लिए सभी का एक जुट होना आवश्यक है। इस अवसर पर नंदकिशोर वाने, राजेंद्र शाह, मोण् इस्माइल, चंपालालशाह, श्याम भावसार, विजय सूर्यवंशी, प्रमोद महाजन के साथ साथ बड़ी संख्या में टेंट व्यवसायी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाज सेवी सुनील सलूजा ने किया एवं आभार शिवा पाटिल ने किया।

### आंगनवाड़ी सहायिका का सेवानिवृत्ति पर सम्मान




**नेपानगर।** वार्ड नंबर 12 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र की सहायिका मीना कामले के सेवानिवृत्त होने पर उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में वार्ड के रहवासी मौजूद थे। पार्षद चंचला यादव ने भी उनका स्वागत कर कार्य की प्रशंसा की। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नैनिशा कामलेए ज्योति चौधरीए सारिका श्रीवास्तवए लीला बाईए सता बाईए भानुदास कसारेए श्रीकांत बारीए वीरेंद्र हटकरए शांताराम इंगले सहित अन्य मौजूद रहे।

## नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर आक्रोश, सौंपा ज्ञापन




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** म.प्र.अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा एवं एनएमओपीएस महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित के नेतृत्व में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम द्वारा जिला कलेक्टर बुरहानपुर ज्ञापन सौपा गया। आक्रोश मार्च को संबोधित करते हुए श्री दीक्षित ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष परमानंद एवं हम सब कर्मचारियों अधिकारियों के लगातार सक्रिय होकर पुरानी पेंशन के संबंध में जो आंदोलन किए गए हैं। 2017 से उसमें हमें सफलता मिली, केंद्र सरकार ने नई पेंशन स्कीम से यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू कर दी, लेकिन हम लोग 2005 से बंद पुरानी पेंशन प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के साथ चाहते हैं।

अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशफाक खान ने कहा कि हम सबको एकजुट होकर अपनी लड़ाई लड़ना है अपना अधिकार पाना है सभी शिक्षक शिक्षण का भाई बहनों ने कहा कि हम अपने पुराने पेंशन की अधिकार के लिए सब एक है, एसडीएम कार्यालय पर पर तहसीलदार सुश्री नीतू मंडलोई 8 सूत्रीय ज्ञापन सोपा गया। जिसमें 2005 से बंद पुरानी पेंशन लागू करना, मृतक शासकीय परिवार को केंद्र के समान राज्यों द्वारा मृतक पेंशन लागू करना, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखना, ई अटेंडेंस व्यवस्था समाप्त करना, जहां पर उर्दू स्कूल हो वहां पर उर्दू भाषा शिक्षक भेजा जाए। इसी प्रकार मराठी एवं संस्कृति स्कूल में भी संबंधित विषयों के शिक्षकों को भेजा जाए वहां पर पद सृजन किए जाएं। इस अवसर पर शिक्षक संघ के फजलू रहमान, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौकसे, अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सैयद शहजाद अली, मंडी कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष श्रीकांत गंगराड़े, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव हेमंत सिंह ठाकुर, स्थाई कर्मी कर्मचारी संघ के हीरालाल प्रजापति, पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष अत्ताउल्लाह खान, आजाद शिक्षक संगठन के संतोष निंभोरे, अजेक्स संगठन के सतीश दामोदरे, राजेश साल्वे, ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा तथा अपेक्स संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश पाटील, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की पदाधिकारी उपस्थित थी सभी ने स्वर से पुराने पेंशन की मांग की इस अवसर पर अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशफाक खान को जिला संयुक्त मोर्चा का जिला अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया सभी ने उनको पुष्प हार पहना कर स्वागतकिया।

## खुशी के पल संस्था ने बच्चों की सुविधा के लिए वितरित की दरिया एवं शिक्षा सामग्री



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर की मानव सेवा को समर्पित संस्था खुशी के पल द्वारा शा.उ.मा.वि. पुरुषार्थी वार्ड बुरहानपुर मैं बच्चों की सुविधा के लिए दरियों का वितरण किया गया संस्था की संयोजीका श्रीमती हरप्रीत कीर ने बताया कि संस्था द्वारा बच्चों को पढ़ाई में हो रही कठिनाई को देखते हुए यह दरिया वितरित की गई है ताकि बच्चे फर्श पर ना बैठे संस्था द्वारा 60 बच्चों को पेंसिल, रबर, बिस्कुट आदि भी वितरित किए गए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी मदद आश्वासन संस्था ने दिया। इस उपलक्ष में शाला के प्राचार्य संजय कुमार अगनानी, प्रमोद निकम, प्रेमलता महाजन, झूमा सिसोदिया, शिल्पा शेवाले और संस्था से जुड़ी सदस्य श्रीमती रिचा सलूजा, वर्षा बतरा, मिनाक्षी शर्मा, प्रमिला सागरे आदि उपस्थित थे।

## नई दिल्ली में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने केंद्रीय वन मंत्री से की भेंट

**केंद्रीय विद्यालय नेपानगर की वन भूमि को हस्तांतरित करने का किया अनुरोध**

**. भूमि का स्वामित्व स्पष्ट रूप से संगठन को प्राप्त नहीं हैं।**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** खंडवा लोकसभा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरणए वनए जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी से भेंट कर केन्द्रीय विद्यालय नेपानगर को वन भूमि हस्तांतरित करने हेतु पत्र सौंपा। केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों के हित में उचित निर्णय लिया जायेगा।

**500 विद्यार्थी है अध्ययनरत:**-सांसद श्री पाटील ने बताया कि मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा के अंतर्गत नेपानगर जिला बुरहानपुर में केंद्रीय विद्यालय नेपानगर संचालित हैए जिसमें वर्तमान में लगभग 500 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस क्षेत्र की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा जनजातीय वर्ग से संबंधित है और यह विद्यालय न केवल शहरी अपितु दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का एकमात्र प्रमुख केंद्र है। उक्त विद्यालय वर्तमान में वन विभाग की भूमि पर स्थित है जो कि नेपा लिमिटेड नेपानगर को 99 वर्षों की लीज पर दी गई थी। यह लीज वर्ष 2032 में समाप्त हो रही है। भूमि का स्वामित्व स्पष्ट रूप से संगठन को प्राप्त नहीं होने से केन्द्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली द्वारा विद्यालय को आवश्यक संसाधनों एवं अधोसंरचना के उन्नयन हेतु केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है।

**विद्यालय हो सकेगा अपग्रेड:**-सांसद ने कहा कि यह भूमि वन विभाग द्वारा औपचारिक रूप से केंद्रीय विद्यालय नेपानगर को हस्तांतरित कर दी जाए तो विद्यालय को अपग्रेड किया जा सकेगा जिससे विद्यार्थियों को लाभ होगा।

यह निर्णय निश्चित ही आदिवासी समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक सौगात सिद्ध होगी तथा प्रधानमंत्री जी के ष्सबका साथए सबका विकासए सबका विश्वासष् के संकल्प को भी सार्थक करेगा इसलिए अनुरोध है कि प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की जाकर यह भूमि केन्द्रीय विद्यालय संगठन नेपानगर को हस्तांतरित किये जाने संबंधी अपने स्तर से उचित निर्देश प्रदान करने की कृपा करें।

## यातायात पुलिस चौकी का कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया शुभारंभ

**चौकी परिसर में किया गया पौधों का रोपण**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शहर में यातायात प्रबंधन को अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज दिनांक 01 अगस्त 2025 को जय स्तंभ चौराहे पर यातायात पुलिस चौकी का विधिवत पूजा पाठ कर शुभारंभ किया गया। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कहा शहर के ट्रैफिक सिस्टम को स्मार्ट एवं अनुशासित बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। यह चौकी ट्रैफिक अनुशासन, विशेषकर स्कूल एवं बाजार क्षेत्र मेंए सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने कहा कि जय स्तंभ चौराहा शहर का प्रमुख ट्रैफिक जंक्शन है, जहां रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। यातायात चौकी की स्थापना से ट्रैफिक नियंत्रण, दुर्घटना में त्वरित सहायता, अव्यवस्थित पार्किंग पर कार्रवाई तथा आमजन को ट्रैफिक नियमों के पालन हेतु जागरूक करने में सहायता मिलेगी।

इस चौकी उद्घाटन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, डीएसपी महिला शाखा प्रीतम सिंह ठाकुर, रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित, थाना प्रभारी कोतवाली सीताराम सोलंकी, थाना प्रभारी शिकारपुरा कमल पवार, थाना प्रभारी लालबाग अमित सिंह जादौन, थाना प्रभारी गणपति नाका सुरेश महाले, थाना प्रभारी शाहपुर अखिलेश मिश्रा, थाना प्रभारी निंबोला राहुल कांबले, यातायात सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर एवं समस्त थानों के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## बैठक में मुद्दों पर बवाल, अब निर्माण कार्य से पहले लेना होगी परिषद एनओसी



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** एपीजे अब्दुल कलाम भवन में शुक्रवार सुबह 11 बजे से नेपानगर नगर पालिका की परिषद की बैठक हुई जिसमें हमेशा की तरह बवाल मचा। इस बार भी विवादों के बीच बैठक शुरु हुई। बैठक में 11 मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें से 9 पर आम सहमति बनी। अब परिषद क्षेत्र में कही भी निमार्ण कार्य करने के पूर्व परिषद की एनओसी लेनी होगी। परिषद सदस्यों ने कहा कि अन्य शहरों की तरह यहां भी ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए।

दरअसल शहर में कई जगहों पर बेतरतीब निर्माण कार्य हो रहे है। ऐसे में अनुमति अनिवार्य होना चाहिए। इसी प्रकार नेपा लिमिटेड से मिलने वाली भूमि हस्तांतरण, नगर पालिका के नवीन भवन, रेलवे ओवर ब्रिज हैंडओवर जैसे के विषय पर भी चर्चा हुई। वहीं नपा इंजीनियर प्रकाश बड़वाहे की कार्यप्रणाली से पार्षद नाराज दिखे। वह बैठक में उपस्थित होने की बजाए बैठक कक्ष के बाहर थे। इस पर पार्षदों ने विरोध दर्ज कराया तब उन्हें बैठक में बुलाकर पार्षदों ने विकास कार्यों की जानकारी लीए लेकिन कुछ का ही वह जवाब दे पाए। इस पर सभी 24 पार्षदों ने सहमति जताई कि उनके स्थानांतरण के लिए प्रस्ताव बनाया जाए। यह प्रस्ताव तैयार कर उसी समय सुनाया गया। इंजीनियर के तबादले की सभी ने अनुशंसा की। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल, उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर, सीएमओ मोहन अलावा सहित 24 वार्ड के पार्षद मौजूद रहे।

850 एकड उन भूमि नेपा लिमिटेड का लीज पर प्राप्त है। उक्त भूमि मूल विभाग को हस्तांतरित की जाकर भूमि पर बसे निवासियों को आवासीय पट्टे, सार्वजनिक पट्टे दिए जाएं। 184 एकड राजस्व भूमि जो मप्र शासन की होकर भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के माध्यम से नेपा लिमिटेड को शासकीय पट्टेदार के रूप में दी गई है। उक्त भूमि नेपा लिमिटेड से अधिग्रहण कर नगर पालिका परिषद नेपानगर को हस्तांतरित किए जाने के लिए प्रस्ताव पारित कर मप्र शासनए, भारत सरकार को भेजा जाए। इसी पकार नेपा लिमिटेड द्वारा क्रय की गई 164 एकड भूमि उसके नाम से दर्ज और अंकित है उक्त भूमि नगर पालिका के टैक्स के 63 करोड टैक्स बकाया है। उक्त भूमि अधिग्रहण कर नगर पालिका नेपानगर को सौंपने के लिये बकाया टैक्स राशि में समायोजन कर बकाया टैक्स राशि नगर पालिका को देने संबंधी कार्यवाही करने के लिए प्रस्ताव पारित कर मप्र शासन, राज्य सरकार को भेजें। नवीन भवन निर्माण के पूर्व नगर पाक्षिका से अनुमति प्राप्त कर भवन निर्माण किये जाने के संबंध में प्रस्ताव पारित करें।

## रामाखेड़ा खुर्द से निकली 4 दिवसीय श्रद्धा कावड़ यात्रा



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** हर साल की तरह इस साल भी नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामाखेड़ा खुर्द स्थित प्राचीन शिव मंदिर से शुक्रवार को चार दिवसीय शिव श्रद्धा कावड़ यात्रा निकली। पूर्व विधायक सुमित्रा देवी कास्डेकर के नेतृत्व में मां ताप्ती नदी से शिव भक्त कावड़ में जल लेकर खड़कोद स्थित शिव मंदिर की ओर रवाना हुए। कावड़ यात्रा में काफी संख्या में शिव कावड़ भक्त शामिल हुए। रामाखेड़ा कला में ग्रामीणों ने कावड़ यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में खंडवा जिले से अशोक पालीवालए भाजपा जिला महामंत्री राहुल जाधवए जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्कोए नावरा मंडल अध्यक्ष क्षितिज महाजनए पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज महाजनए युवराज पाटिलए रमेश महाजनए अरविन्द पालवीए सुनील यादवए नामदेव साल्वे सहित अन्य मौजूद थे।

## नगर परिषद शाहपुर का अभिनव कदम : नगर को दी बर्तन बैंक की सौगात



**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध को सशक्त रूप से लागू करने हेतु एक अभिनव कदम उठाया है। माननीय विधायक अर्चना चिटनिस के मार्गदर्शन में नगर परिषद अध्यक्ष साधना विरेन्द्र तिवारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान के नेतृत्व में 22 मार्च 2025 को नगर परिषद के सभाग्रह में नगर शाहपुर के समस्त जनप्रतिनिधि एवं सम्माननीयना नागरिकों की उपस्थिथी में ष्नगर को प्लास्टिक मुक्त करनेष् का संकल्प लिया गया। इस मिशन को सफल बनाने के लिए नगर परिषद ने बर्तन बैंक का निर्माण किया है एवं अपने प्रथम प्रयास में ही दिनांक 26/07/2025 को नगर के समस्त समाज के अध्यक्षों को आमंत्रित कर विधायक अर्चना चिटनिस व नगर परिषद अध्यक्ष साधना विरेन्द्र तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में कुल 5000 स्टील की थालियाँ एवं 5000 स्टील ग्लास वितरित किए गए। इसका मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक व पारिवारिक आयोजनों में प्लास्टिक की थालियों व ग्लास की जगह स्टील के बर्तनों के उपयोग को बढ़ाना हैए जिससे 100 प्रतिशत प्लास्टिक मुक्त शाहपुर के लक्ष्य की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया जा सके। नगर परिषद् शाहपुर सभी नागरिकों एवं समाज प्रतिनिधियों से अपील करती है कि वे अपने उत्सवोंए धार्मिक कार्यक्रमों एवं सामाजिक आयोजनों में प्लास्टिक के स्थान पर स्टील के बर्तनों का उपयोग कर स्वच्छए हरित व प्लास्टिक मुक्त शाहपुर निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

**एक नजर** 16 .82 करोड़ की लागत से बनेगा शनवारा .लालबाग मार्ग ....

## शनवारा, लालबाग और शाहपुर से धामनगांव तक मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र होगा शुरू : चिटनिस

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर विधानसभा अंतर्गत 2 मुख्य मार्गों की स्वीकृति दिलाकर क्षेत्रवासियों को विशेष सौगात दी है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत व्हाईट टॉपिंग के तहत नगर में स्थित शनवारा.सिंधीबस्ती से लालबाग स्टेशन मार्ग निर्माण तथा शाहपुर नगर से ग्राम धामनगांव तक दोनों मार्गों के निर्माण हेतु राज्य सरकार ने लगभग 27 करोड़ 21 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। अतिशीघ्र ही दोनों मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। उक्त स्वीकृति पर श्रीमती चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेशसिंह का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं क्षेत्रवासियों ने चिटनिस द्वारा दी गई सौगात के लिए धन्यवाद देते हुए उनका स्वागत.अभिनंदन किया।

**16.82 करोड़ की लागत से बनेगा शनवारा.लालबाग मार्ग**

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि शहर के मध्य से गुजर रहे और रेलवे स्टेशन तक शनवारा.सिंधीबस्ती से लालबाग स्टेशन मार्ग निर्माण हेतु 16 करोड़ 82 लाख की लागत से करीब 4 किलोमीटर टू.लेन सीमेंटीकृत मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इस मार्ग के मध्य स्थित डिवाईडर के एक तरफ 7 मीटर तथा दूसरी तरफ7 मीटर मार्ग निर्माण होगा। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि शनवारा चौराहे से लालबाग चौराहा तक मार्ग अतिव्यस्त मार्ग है। लालबाग रेलवे



स्टेशन रोड होने के साथ.साथ बड़ी आबादी इस रोड से आवागमन करती है। मार्ग निर्माण से नागरिकों को काफी सुविधा होगी।

इसी प्रकार शाहपुर नगर से ग्राम धामनगांव तक 7 किलोमीटर सीमेंटीकृत मार्ग निर्माण हेतु 10 करोड़ 39 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह मार्ग 7.5 मीटर चौड़ा होगा। उक्त मार्गों के निर्माण के उपरांत निश्चित ही यातायात सुलभ होगा और नागरिकों को आवागमन में काफी सहायता होगी। शाहपुर से ग्राम धामनगांव मार्ग की एजेंसी निर्धारित हो गई है। अतिशीघ्र इस मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि लोगों की परेशानियों को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण के प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के लिए निर्देशित किया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री राकेशसिंह से मुलाकात कर उक्त मार्गों के निर्माण हेतु धनराशि की स्वीकृति की मांग रखी थी।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयत्नशील हूं। जहां शहरी क्षेत्र के विकास कार्यों को विकास कार्य के लिए स्वीकृति जारी की जा रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से विकास के कार्य हो रहे है। श्रीमती चिटनिस ने क्षेत्र की तरक्की और उन्नति के लिए अपनी कटिबद्धता दुहराते हुए क्षेत्र की जनता के हितों के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। चिटनिस ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव जी की डबल इंजन की भाजपा सरकार हैए जिससे विकास की गति और तेज हुई है।

**लालबाग से शनवारा मार्ग स्थित डिवाईडर पर 50 लाख की लागत से होगा रैलिंग निर्माण**

अर्चना चिटनिस ने बताया कि शनवारा चौराहे से लालबाग चौराहा तक मार्ग के मध्य स्थित डिवाईडर पर रैलिंग नहीं होने के कारण मार्ग से मवेशियों का विचरण बना रहता है, जिसके कारण दुर्घटनाएं घटित हो रही थी। जिसको दृष्टिगत रखते हुए शनवारा चौराहे से लालबाग चौराहा तक मार्ग के मध्य स्थित डिवाईडर पर रैलिंग का निर्माण किया जाना अत्यंत जरूरी हो गया था। तत्काल शासन को प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया गयाए जिसके बाद शासन से विधायक विशेष निधि से उक्त कार्य हेतु 50 लाख रूपए की स्वीकृति मिल गई है। अब मार्ग के मध्य स्थित डिवाईडर पर रैलिंग का निर्माण होने से दुर्घटनाओं में कमी आ सकेंगी।